अनुक्रमांक ......................................  समय : 2.00 घण्टा

नाम ..............................................  पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# चतुर्थ सेमेस्टर – 2023
## (आरम्भिक स्तर पर भाषा एवं गणित के पठन लेखन-क्षमता का विकास)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** 'ष' वर्ण का उच्चारण स्थान है- **(1)**

(A) स्पर्श (B) कंठ

(C) ओष्ठ (D) मूर्धा

**2.** निम्नलिखित में से स्वर नहीं है- **(1)**

(A) इ (B) ओ

(C) उ (D) क

**3.** संयुक्त व्यंजन है- **(1)**

(A) ख (B) क्ष

(C) प (D) फ

**4.** वर्ण कितने प्रकार के होते है- **(1)**

(A) 2 (B) 3

(C) 4 (D) 5

**5.** 'ज्ञ' वर्ण किन दो वर्णों के मेल से बना है- **(1)**

(A) ज + ञ (B) ग + य़

(C) ज् + ञ (D) य + ञ

**6.** निम्नलिखित में 'अयोगवाह' है- **(1)**

(A) अ, आ (B) इ, ई

(C) अं, अः (D) ए, ऐ

**7.** 'आर्य' का विलोम है- **(1)**

(A) अंत (B) अनार्य

(C) अति (D) इनमें से कोई नहीं

**8.** 'इला' पर्यायवाची है- **(1)**

(A) सरस्वती (B) गणेश

(C) रात्रि (D) प्रातः

**9.** वे संख्याएँ जो 2 से पूर्ण रूप से विभाजित नहीं होती हैं। उन्हें कहते हैं- **(1)**

(A) भाज्य संख्या (B) पूर्णांक संख्या

(C) विषम संख्या (D) अपरिमेय संख्या

**10.** निम्नलिखित में परिमेय संख्या है- **(1)**

(A) 5/4 (B) 2 1/4

(C) इनमें से कोई नहीं (D) विकल्प (a) एवं (b) दोनों

**11.** निम्नलिखित में आरोही क्रम है- **(1)**

(A) 3, 6, 9, 12
(B) 2, 3, 4, 1
(C) 11, 9, 7, 5
(D) इनमें से कोई नहीं

**12.** गुण्य को जिस राशि से गुणा किया जाता है, उस राशि को कहते हैं- **(1)**

(A) गुणक
(B) गुणनफल
(C) गुणा
(D) शेषफल

**13.** 9687 में 9 का स्थान है- **(1)**

(A) हजार
(B) सैकड़ा
(C) दहाई
(D) इकाई

**14.** 'मोर' शब्द का समानार्थी है- **(1)**

(A) चित्राग
(B) माधुरी
(C) शिखी
(D) विविधा

**15.** गणित की मूल संक्रियाएँ है- **(1)**

(A) 8
(B) 4
(C) 14
(D) 3

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** विस्तारित रूप में लिखी संख्या ज्ञात कीजिए- 5000 + 800 + 60 + 9 **(1)**

**17.** हिन्दी भाषा सीखने के प्रमुख अंग लिखिए। **(1)**

**18.** अविकारी शब्द किसे कहते हैं? **(1)**

**19.** दीर्घ स्वर किसे कहते हैं? **(1)**

**20.** अनुनासिक स्वर को परिभाषित कीजिए। **(1)**

**21.** सम संख्या तथा विषम संख्या में अन्तर लिखिए **(1)**

**22.** 'श्रुतलेख' तथा 'सुलेख' में अंतर स्पष्ट कीजिए। **(1)**

**23.** 64 अमरुद चार बच्चों में बांटे गए हैं, प्रत्येक बच्चों को कितने अमरुद मिलेंगे? **(1)**

**24.** अवरोही क्रम को उदाहरण सहित परिभाषित कीजिए। **(1)**

**25.** 'विस्मयादिबोधक' चिन्ह का प्रयोग कब किया जाता है? **(1)**

**26.** 'अंधकार' के तीन समानार्थी शब्द लिखिए। **(1)**

**27.** सर्वनाम के कितने भेद होते है? **(1)**

**28.** संख्या 6534 को 7 से भाग देने पर भागफल एवं शेषफल ज्ञात कीजिए। **(1)**

**29.** संख्या 65342 एवं संख्या 28443 का योग ज्ञात कीजिए। **(1)**

**30.** प्राकृत संख्या किसे कहते हैं? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** 4529 में सभी अंकों का स्थानीय मान लिखिए। **(2)**

**32.** भाषा शिक्षण में शारीरिक समस्यायें क्या है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**33.** अमित के पास 1292 ₹ थे। उसने 897 ₹ अपने भाई को दे दिया। अमित के पास कुल कितने रूपये बचे? **(2)**

**34.** देवनागरी लिपि की विशेषताएँ लिखिए। **(2)**

**35.** आरम्भिक स्तर पर गणित शिक्षण का आरम्भ करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? **(2)**

**36.** 'वाक्य' कितने प्रकार के होते है? व्याकरण के आधार पर उनका वर्गीकरण करिए। **(2)**

**37.** इकाई, दहाई, सैकड़ा एवं हजार का अभिप्राय स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**38.** शिक्षक ने पुस्तकालय से 38 पुस्तके मगवाई और उन्हें कक्षा के 6 बच्चों में बराबर-बराबर बाँट दी। बाँटने के बाद शिक्षक के पास कुछ पुस्तकें बच गई। बताइए प्रत्येक बच्चे को कितनी कितनी पुस्तकें मिली और शिक्षक के पास कितनी पुस्तके शेष बची? **(2)**

**39.** पठन का अर्थ, प्रकार एवं महत्व बताइए। **(2)**

**40.** बालकों को गिनती सिखाने सम्बन्धी मुख्य बातें बताइए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-4/bhasha-evam-ganit-ke-pathan-lekhan-ka-vikas/2023

2. आरम्भिक स्तर पर भाषा एवं गणित के पठन लेखन-क्षमता का विकास का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-4/bhasha-evam-ganit-ke-pathan-lekhan-ka-vikas/

3. आरम्भिक स्तर पर भाषा एवं गणित के पठन लेखन-क्षमता का विकास के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-4/bhasha-evam-ganit-ke-pathan-lekhan-ka-vikas/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN